Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to reopen the limestone mine in Garwah, Palamu and to pay arrears of workers.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के गढ़वा जिले के अंतर्गत बंद पड़ी लाइमस्टोन माइन्स के संबंध में मामला उठाने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए बहुत धन्यवाद ।

वर्ष 1975 से लाइमस्टोन की यह माइन चल रही थी । 16 फरवरी, 2020 को पर्यावरण क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण यह माइन बंद हो गई थी । इस बीच लीज़ के विस्तारीकरण का मामला आया और राज्य सरकार ने लीज़ विस्तारीकरण को अस्वीकृत कर दिया । राज्य सरकार का कहना है कि स्टील अथॉरिटी के पास नौ करोड़ रुपये बकाया है । वर्ष 2013 और 2015 के बीच ज्यादा खनन किया गया था, इस कारण डिपार्टमेंट ऑफ माइन्स द्वारा जुर्माना लगाया गया, जिसका भुगतान सेल द्वारा नहीं किया गया । सेल द्वारा इतनी छोटी राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, यह आश्चर्य की बात है । दूसरी ओर 730 रजिस्टर्ड मजदूर इसके चलते बेरोजगार हो गए हैं ।

मेरा आपके माध्यम से इस्पात मंत्री जी से अनुरोध है कि इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाएं और उस खदान को पुन: चालू करवाएं । इसके साथ ही मजदूरों का बकाया वेतन का भुगतान भी सुनिश्चित करें ।